03032024-DTM-11_27DT02A.qxd 3/2/2024 10:30 PM Page 1

हिमाचल की नयी आबकारी नीति को मंजूरी

मंत्रिमंडल के निर्णय: पशुपालन विभाग में 1000 मल्टी टास्क वर्कर्स की भी होगी भर्ती

ज्ञान ठाकुर/हप्र
शिमला, 2 मार्च

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की वित्त वर्ष 2024-25 की आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। ये मंजूरी आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में दी गई।

मंत्रिमंडल ने पशुपालन विभाग में सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत पशु चिकित्सा अधिकारियों के सहयोग के लिए विभाग में 1000 मल्टी टास्क वर्कर्स रखने को मंजूरी प्रदान की।

बैठक में लोक निर्माण विभाग में जेओए (आईटी) के 30 पद भरने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के आर्किटेक्ट विंग में वरिष्ठ ड्राफ्ट्समैन के 4 रिक्त पदों को भरने की मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में पीटीए नीति के तहत रखे गए 46 पात्र शिक्षकों की सेवाओं को नियमित करने का भी निर्णय लिया गया।

शिमला में शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। -दैनिक ट्रिब्यून

बैठक में 10 फूड सेफ्टी वाहन खरीदने और स्वास्थ्य विभाग में 10 खाद्य विश्लेषकों, 10 परिचारकों और 10 ड्राइवरों की सेवाएं लेने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बंगाल चौकी, थरांगन, सलिहार, बोहन भट्टी, देहरियां को राजकीय उच्च विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय चौकाथ को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में राजकीय माध्यमिक विद्यालय चन्द्रौण को राजकीय उच्च विद्यालय में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त जिला चंबा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय फगोट को राजकीय उच्च विद्यालय, राजकीय उच्च विद्यालय जोलना, रंग, भराड़ी और मथोलु को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जिला शिमला के विकास खंड ठियोग के राजकीय माध्यमिक विद्यालय कराणा को राजकीय उच्च विद्यालय में आवश्यक पदों के साथ स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिमंडल ने क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत मशोबरा और ब्यूलिया के और क्षेत्रों को नगर निगम शिमला के दायरे में शामिल करने को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल ने कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी, जयसिंहपुर और पालमपुर में जल शक्ति विभाग के मंडल खोलने का निर्णय लिया।

मंत्रिमण्डल ने ऊना जिले में 50 बिस्तर वाले नागरिक अस्पताल हरोली को 100 बिस्तरों वाले अस्पताल में स्तरोन्नत करने, शिमला जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुम्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तरोन्नत करने, सिरमौर जिले की ग्राम पंचायत कोटा पब के कंडी में स्वास्थ्य उपकेंद्र खोलने और ऊना जिले के बालीवाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के साथ आवश्यक पद भरने को मंजूरी दी।

मंत्रिमण्डल ने लोगों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग के ममलीग अनुभाग को विभाग के अर्की मण्डल से सोलन मण्डल में स्थानांतरित करने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल ने कांगड़ा के जिला स्तरीय छिंज सल्याणा, लिदबार मेले, ऊना जिला के हरोली उत्सव और बिलासपुर जिला के घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव को राज्य स्तरीय मेले में स्तरोन्नत करने को मंजूरी दी।

इसके अलावा, जयसिंहपुर का होली मेला, जिला बिलासपुर का अजमेर (भराड़ी) ग्रीष्मोत्सव , सांगला होली उत्सव और गंगथ कारु महाराज मेला को जिला स्तरीय मेलों में स्तरोन्नत करने का भी निर्णय लिया गया।

नाराज होकर निकले शिक्षामंत्री, मुकेश ने मनाया

शिमला (हप्र) : प्रदेश में पिछले 5 दिनों से चल रहा सियासत का संग्राम थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में फिर से विवाद हो गया। शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर नाराज होकर बैठक से बाहर चले गए, बाद में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इन्हें मनाकर वापस ले आए। इसके अलावा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी भी कुछ देर बाद कैबिनेट से चले गए। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि 80 प्रतिशत विधायक उनके साथ हैं। भाजपा ने खरीद-फरोख्त कर राज्यसभा में क्रॉस वोटिंग कराई है। कांग्रेस से बागी हुए विधायक उनके झांसे में आ गए। उन्होंने विक्रमादित्य सिंह को लेकर भी कहा कि वह अपने निजी कार्य से जयपुर गए हैं।

खबर है...

किसानों को दिया समर्थन

राजपुरा में किसानों को समर्थन देने पहुंचे लखा सिधाना व सिधू भाना। -निस

राजपुरा (निस) : पिछले 19 दिनों से अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने के लिये शम्भू बार्डर पर बैठे किसानों को समर्थन देने के लिये काफिले में रोष मार्च करते हुये लखा सिधाना, सिधू भाना, जसकरन सिंह सहित अन्य कलाकार बार्डर पर पहुंचे। लखा सिधाना ने समूह किसान जत्थेबंदियों को इकट्ठे होने की अपील करते हुये कहा कि यह लड़ाई देश के समूह किसानों की है। इसलिये हम सब को इकट्ठे हो कर बार्डर पर हमारी मांगों के लिये डटे किसानों के समर्थन में खड़े हो जाना चाहिये ताकि मोदी सरकार को मांगें पूरी करने के लिये मनाया जा सके। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार डब्ल्यूटीओ की कठपुतली बन चुकी है। वह दुनिया पर कब्जा करना चाहता है। इसलिये केंद्र सरकार उसके दबाव में किसानों की मांगें नहीं मान रही।

14 को दिल्ली में किसानों की महापंचायत

लुधियाना (निस) : 37 किसान संगठनों की आज यहां एक अहम बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत होगी। बैठक की अध्यक्षता हरिंदर सिंह लक्खोवाल, किरनजीत सिंह सेखों, बिंदर सिंह गोलेवाल, कमलप्रीत सिंह पन्नू और सुखगिल मोगा ने संयुक्त रूप से की। बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं और सरकार के खिलाफ उनका संघर्ष जारी है। इस संघर्ष को जारी रखते हुए 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें भाजपा का आगामी लोकसभा चुनाव में बहिष्कार की घोषणा भी शामिल हो सकती है। किसान नेताओं ने कहा कि इस 'महापंचायत' में देशभर से 400 से ज्यादा किसान संगठन हिस्सा लेंगे जो दिल्ली में जुटकर सरकार को अपनी ताकत दिखाएंगे और केंद्र सरकार को किसानों की मांगों को आगे बढ़ाने के लिए मजबूर करेंगे। उन्होंने कहा कि महापंचायत में किसान ट्रैक्टरों से नहीं बल्कि ट्रेनों और बसों के जरिए दिल्ली कूच करेंगे, लेकिन अगर सरकार ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आगे की कठोर रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे सरकार से एमएसपी को कानूनी तौर पर लागू कराने और किसानों पर दर्ज एफआईआर रद्द करने समेत अपनी मांगों को लेकर लगातार केंद्र के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

3 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समराला (निस) : पुलिस जिला खन्ना की एसएसपी अमनीत कौंडल के मार्गदर्शन में सौरव जिंदल पुलिस कप्तान (आई) खन्ना के निर्देशानुसार अराजक तत्वों पर काबू पाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस पार्टी सहित एक मामले में तीन आरोपी लुटेरों को गिरफ्तार किया है।

विद्यार्थी किसी भी देश और समाज का भविष्य : अमन

गांव उभावाल में विकास कार्यों का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा। -निस

संगरूर, 2 मार्च (निस)

कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने आज उभावाल में सरकारी प्राथमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को 21.60 लाख रुपये की विकास परियोजना समर्पित करके राज्य में शिक्षा के मानक को और मजबूत करने की पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्री ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी और प्राइमरी स्कूल में 16.60 लाख रुपये की लागत से बनी चारदीवारी का उद्घाटन करने के बाद कहा कि विद्यार्थी किसी भी देश और समाज का भविष्य होते हैं और पंजाब सरकार उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार शिक्षा के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों के कौशल विकास के लिए सार्थक कदम उठा रही है और यह माता-पिता और शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों के छिपे कौशल को आकार देने में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किये। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी मेवा सिंह सिद्धू, अवतार सिंह उभावाल, रणबीर सिंह राणा, मोटा सिंह, जगननाथ, सुखविंदर सिंह, धनदेव सिंह, सरबजीत सिंह, गुरदीप सिंह तकीपुर और स्कूल स्टाफ भी मौजूद था।

कैबिनेट मंत्री ने उभावल में किया विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

वित्तमंत्री आवास के सामने दिया धरना

संगरूर, 2 मार्च (निस)

पंजाब ग्रामीण और खेत मजदूर संगठनों ने आज मांगों को लेकर वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा के घर के सामने धरना दिया।

यूनियन के राज्य कमेटी सदस्य हरभगवान सिंह और जिला नेता गोपी गिर कालराभैनी ने कहा कि पंजाब के ग्रामीण और खेत मजदूर संगठनों के संयुक्त मोर्चे ने रैली की।

वित्त मंत्री से 5 मार्च को आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में मजदूर वर्ग के लिए पर्याप्त बजट प्रावधान सुनिश्चित करने, मजदूरों के स्थायी रोजगार की गारंटी करने, दैनिक वेतन 700 रुपये प्रति वर्ष करने की मांग की गई है।

इस अवसर पर गुरजात सिंह, अमरजीत सिंह लाहिलकला, परमजीत कौर, करमजीत कौर सलेमगढ़, बलविंदर सिंह कालराभैनी और गुरप्यार सिंह पपरा ने भी संबोधित किया।

हिमाचल में कर्मचारियों को डीए किस्त की अधिसूचना जारी

शिमला, 2 मार्च (हप्र)

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने करीब 1.97 लाख कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ-साथ न्यायिक सेवा अधिकारियों व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतन मानों के तहत वेतन पा रहे शिक्षकों को डीए के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है।

कर्मचारियों को 4 फीसद डीए की यह किस्त जुलाई 2022 से देय थी। कर्मचारियों को मई माह में देय अप्रैल के वेतन के साथ 4 फीसद डीए की किस्त का नगद भुगतान होगा। मगर जुलाई 2022 से मार्च 2024 तक के डीए के बकाया के लिए उन्हें इंतजार करना होगा।

4 फीसद डीए के साथ हिमाचल के कर्मचारियों को मिलने वाली डीए की राशि 38 फीसद हो गई है। पेंशनरों के डीए के भुगतान की अधिसूचना वित्त विभाग अलग से जारी करेगा। प्रदेश सरकार इन वर्गों को महंगाई भत्ते की 4 फीसदी किस्त पर सालाना 580 करोड़ रुपए की राशि खर्च करेगी। अप्रैल महीने के वेतन में इस किस्त की राशि कर्मचारियों को मई महीने में हाथ लगेगी।

सरकार ने लोकसभा के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू जोन की संभावना को देखते हुए अभी से ही अधिसूचना जारी कर दी है क्योंकि बाद में इसके लिए चुनाव आयोग से मंजूरी लेनी पड़ती है और किस्त जारी न होने की स्थिति में कांग्रेस को कर्मचारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सरकार ने डीए के भुगतान के आदेशों में साफ कर दिया है कि जुलाई 2022 से जो डीए का एरियर कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलना है वह अभी नहीं दिया जाएगा। उसके लिए वित्त विभाग अलग से आदेश जारी करेगा। यानि अभी इस एरियर के लिए इंतजार करना होगा और सरकार अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही इस पर निर्णय करेगी। अन्यथा इससे पहले सरकारें एरियर की राशि को जीपीएफ खाते में डालने के लिए आदेश देती थी।

कांग्रेसी नहीं जला सके लखनपाल का पुतला

हमीरपुर, 2 मार्च (निस)

बड़सर विस क्षेत्र के सलौनी में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल का पुतला जलाने का कार्यक्रम रखा था, परंतु अचानक लखनपाल के समर्थकों के पहुंच जाने पर कांग्रेस के कार्यकर्ता लखनपाल पुतला नहीं जला पाए। मिली जानकारी के अनुसार कुछ कांग्रेसी डैनी जस्वाल, सुरजीत सिंह, सुनील खरियाल व अन्य लोगों ने फोन करके कार्यकर्ताओं को कहा था कि लखनपाल का पुतला जलाया जाएंगे। इसकी भनक लखनपाल के समर्थकों को भी लग गई। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कुछ लोग ही आए हुए थे परंतु इंद्र के समर्थक आ गए और उन्होंने लखनपाल के समर्थन में नारे लगाए। स्थिति को भांपते देखकर कांग्रेस समर्थकों ने भी मुख्यमंत्री के पक्ष में नारेबाजी की। स्थिति को तनाव पूर्ण देखते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले को शांत करवाया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, नितिन, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमल पठानिया, सर्मिला पटियाल जिला महासचिव, पवन कालिया आदि ने कहा कि बड़सर विस क्षत्र में कांग्रेस सीएम सुखविंदर सुक्खू के नेतृत्व में पहले भी मजबूत थी और आगे भी रहेगी।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

बीबीएफ इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

(सीआईएन : U74950PB1996PLC018439)

जिसका पंजीकृत कार्यालय : गांव – भामियां कलां, ताजपुर रोड लुधियाना, पंजाब – 141008, भारत में है के मामले में

संभावित समाधान आवेदकों (पीआरए) के अनुरोध पर, बीबीएफ इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मामले में अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि 7 दिन बढ़ा दी गई है और ईओआई जमा करने की विस्तारित तिथि **9 मार्च 2024 शाम 6.00 बजे** तक है।

हस्ता / –
इंदर जीत खट्टर
बीबीएफ इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अंतरिम समाधान प्रोफेशनल
पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-003/IP-N000156/2018-2019/12102
पता: मकान नंबर 402, जीएच–23, सैक्टर 20, पंचकुला, हरियाणा – 134116
दिनांक: 03 मार्च 2024 एएफए वैधता: 30.06.2025 तक

उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री प्रतिभा को मनाने पहुंचे हॉली लॉज

शिमला, 2 मार्च (हप्र)

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर छाए राजनीतिक संकट के बीच आज ताजा घटनाक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से मिलने उनके निजी आवास हॉली लॉज पहुंचे। ताजा राजनीतिक हालातों में मुकेश के वहां जाने के कई मायने निकल रहे हैं।

हिमाचल का सियासी संकट

सूत्रों के अनुसार मुकेश की पहले मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से चर्चा हुई और उसके बाद वह कैबिनेट मीटिंग से फ्री होकर हॉली लॉज गए। जहां पर प्रतिभा सिंह के साथ उनकी करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत चली है। काफी देर तक बातचीत हुई और सभी पहलूओं पर चर्चा की गई। अब सीएम के साथ जुड़े इनके मसलों को हाइकमान से भी उठा दिया गया है और जल्दी ही समन्वय समिति भी बनेगी।

ऐसे में देखना होगा कि कांग्रेस के ये नेता आने वाले दिनों में क्या कदम उठाते हैं। इस पर सभी की निगाहें हैं। पता चला है कि इस मामले को लेकर मुकेश अग्निहोत्री की मुख्यमंत्री से भी चर्चा हुई है और सभी आपसी सहमति कई मुद्दों पर बनाने की कोशिशें कर रहे हैं।

दूसरी तरफ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह शनिवार को जयपुर में रहे। वह अपने निजी कार्य से गए हैं लेकिन इससे पहले उन्हें दिल्ली में आला नेताओं से भी मिलना था जिसका जिक्र मुख्यमंत्री ने किया था।विक्रमादित्य सिंह को रविवार को वापस लौटना है। सुक्खू सरकार ने फतेहपुर से विधायक भवानी सिंह पठानिया को भी कैबिनेट रैंक दे दिया है। भवानी पठानिया को सरकार ने राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में तैनाती दी है। वह इस बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन होंगे।

सोलन पुलिस ने चंडीगढ़ से धरा चिट्टा तस्कर

सोलन, 2 मार्च (निस)

सोलन पुलिस ने सलोगड़ा निवासी दो युवकों से पूछताछ के बाद चंडीगढ़ से उत्तर प्रदेश निवासी चिट्टा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे सोलन अदालत में पेश करने के बाद पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इससे पहले पकड़े गए गिरोह के दोनों पैडलर भी पुलिस रिमांड पर चल रहे हैं। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि 27 फरवरी को जिला पुलिस की स्पेशल टीम ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर हरियाणा रोडवेज की चंडीगढ़ से शिमला आ रही बस को चैक किया था। इसमें कपिल व पारस नाम के दो युवक सवार थे। दोनों युवक काफी समय से चिट्टे की खरीद फरोख्त के कारोबार में संलिप्त थे। दोनों युवकों सलोगड़ा निवासी 33वर्षीय कपिल कुमार व यहीं के 33 वर्षीय पारस ठाकुर को क़रीब 8 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि इन आरोपियों की छानबीन से ज्ञात हुआ कि ये लोग चंडीगढ़ के सेक्टर -43 चंडीगढ़ से एक खालिद नामक व्यक्ति से चिट्टा खरीदकर लाए थे। जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा आरोपी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी 20 वर्षीय मुहम्मद खालिद को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया।

झाड़माजरी में पटवार कार्यालय का लोकार्पण

बीबीएन, 2 मार्च (निस)

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने आज दून विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटोली कलां के झाड़माजरी में नव संरचित पटवार कार्यालय का लोकार्पण किया। चौधरी ने कहा कि पटवार कार्यालय के खुलने से पटवार खाने में आने वाले नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा लोगों को अपने ज़मीन संबंधित प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। पटवार कार्यालय के खुलने से झाड़माजरी, कुंजाहल, कोटला, बल्याणा, बुरांवाला, जंगल बिजलीवाला, जसुवाना, अंबका तथा दसौरा गांव के लोग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भटोली कलां की प्रधान सोनू देवी, उपप्रधान बिल्लू खान, पूर्व प्रधान अच्छर पाल कौशल, उपपुलिस अधीक्षक बद्दी खजाना राम, तहसीलदार बद्दी राजेश जरयाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दिव्यांग से बलात्कार पर 20 वर्ष की सजा

बठिंडा, 2 मार्च (निस)

जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण बठिंडा द्वारा दिव्यांग मानसिक रूप से कमजोर बलात्कार पीड़ित लड़की को बलजिंदर सिंह सरां के निर्देश पर दस लाख रुपये का मुआवजा पारित किया गया है। उक्त मामले में पीड़िता के साथ दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय द्वारा बीस वर्ष की सजा व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गयी है।

आसमानी बिजली गिरने से किसान की मौत

बठिंडा (निस) : गांव बुलाडेवाला में गौशाला बना रहे एक राजस्थान मजदूर की आसमानी बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं राजस्थान के मजदूर धर्मपाल ने बताया कि वह 12 साल से बुलाडेवाला में गाय का दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था कि शुक्रवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से उसके बाड़े में तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई। आज फाजिल्का के गांव लक्खेवाली ढाब में खेत में काम करते समय किसान राजिंदर कुमार की आसमानी बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई।

पंडोह में 9 पंचकर्म संकुल का लोकार्पण

मंडी (निस) : केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई ने शनिवार को क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह के नवनिर्मित मुख्य भवन, योग व पंचकर्म भवन तथा 9 पंचकर्म संकुल का लोकार्पण किया। इनके निर्माण पर 22.5 करोड़ रुपये की राशि व्यय हुई है। उन्होंने कहा कि इस भवन के लोकार्पण से जहां स्थानीय लोगों के लिए उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी वहीं अनेक प्रकार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। आयुर्वेद के अनुसंधान के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट कार्य करेगा। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, नगर परिषद मण्डी के महापौर विरेन्द्र भटट, श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा के कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सूचना

कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड

ओ टी–14, तीसरी मंजिल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंडस, सेक्टर–76, फरीदाबाद 121004, हरियाणा
दूरभाष: 0120–4492–650 वेबसाइट: www.bptp.com

यह सार्वजनिक सूचना निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन निदेशालय - हरियाणा के लिए जिला नगर योजनाकार (मुख्यालय) द्वारा जारी मेमो नंबर ZP-351/AD(GK)/2024/7363 दिनांक 29.02.2024 के अनुपालन में जारी की जा रही है। चंडीगढ़ (**"डीटीसीपी"**)।

जोकि कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आवासीय भवन/टावर यानी ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 को ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी "पार्क फ्लोर - 1" के एक हिस्से के रूप में विकसित किया है, जिसे सेक्टर-77, फ़रीदाबाद, हरियाणा में 13.187 एकड़ भूमि पर 2007 के लाइसेंस संख्या 267 दिनांक 03.12.2007 के नियमों और शर्तों के अनुसार विकसित किया जा रहा है और डीटीसीपी ने उपर्युक्त मेमो संख्या ZP-351/AD(GK)/2024/7363 दिनांक 29.02.2024 के माध्यम से सैद्धांतिक अनुमोदन/अनंतिम ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट जारी किया है।

और जोकि, अनुमोदित भवन योजनाओं से कुछ बदलावों के मद्देनजर हमें ग्रुप हाउसिंग स्कीम के ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 के मौजूदा आवंटियों से आपत्तियां/सुझाव मांगने के लिए यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 में भूतल से पांचवीं मंजिल तक कुल 76 ईडब्ल्यूएस इकाइयों का निर्माण किया गया है और छठी मंजिल पर 4 ईडब्ल्यूएस इकाइयों का निर्माण किया गया है, यथानुपात निर्मित मुख्य आवास इकाइयों के अनुसार । पहले स्वीकृत भवन योजना के अनुसार, ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 में 120 ईडब्ल्यूएस इकाइयां हैं, जिनमें भूतल से पांचवीं मंजिल तक प्रत्येक मंजिल पर 20 ईडब्ल्यूएस इकाइयां हैं। यह प्रस्तुत किया गया है कि ईडब्ल्यूएस इकाई का क्षेत्र अपरिवर्तित रहेगा। इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप पहले से स्वीकृत भवन योजना में संशोधन किया गया है।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से, हम ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 के मौजूदा आवंटियों से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित कर रहे हैं जोकि उपर्युक्त लाइसेंस के तहत विकसित की जा रही ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 की पूर्व अनुमोदित भवन योजनाओं से विचलन/संशोधन के संदर्भ में है।ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 की पूर्व अनुमोदित भवन योजना की एक प्रति, अनुमोदित साइट प्लान से विचलन/बदलाव और ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 की संशोधित यथा-निर्मित योजनाएं (सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित) हमारी वेबसाइट "www.bptp.com" पर उपलब्ध हैं और इसे हमारे उपरोक्त कार्यालय के साथ-साथ वरिष्ठ नगर नियोजक, फ़रीदाबाद, हरियाणा के कार्यालय में भी देखा जा सकता है।

उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी (दिनांक 13.02.2007 के लाइसेंस संख्या 267 के तहत विकसित) के ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 में ईडब्ल्यूएस इकाइयों के किसी भी मौजूदा आवंटी को ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-1 की पूर्व अनुमोदित भवन योजनाओं में संशोधन/बदलाव पर कोई आपत्ति/सुझाव है, वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -12, फरीदाबाद के कार्यालय में अपनी आपत्ति/सुझाव दर्ज कर सकते हैं, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि कोई भी मौजूदा आवंटियों को बिल्डिंग प्लान में प्रस्तावित संशोधन/बदलाव पर कोई आपत्ति/सुझाव है।

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : **03.03.2024**

रोहित मोहन
कृते कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड

हिमाचल में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित

कई क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई ठप, किन्नौर और कुल्लू में स्कूल बंद

शिमला, 2 मार्च (हप्र)

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बर्फबारी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रदेश में बीते 24 घंटे से कई क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो रही है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में तेज तूफान के साथ ओलावृष्टि और बारिश से प्रदेश एक बार फिर शीत लहर की चपेट में आ गया है। बीते 24 घंटों के दौरान गोंदला में सबसे ज्यादा 61.2 सेमी बर्फ गिरी है। जबकि कुकमसेरी में 58, केलंग में 53, कल्पा में 51.7, पूह में 30, खदराला में 16, सांगला में 11.2, मूरंग में 9.3 और मनाली में 6 सेमी ताजा हिमपात हुआ है। शिमला के कुफरी, नारकंडा और रोहड़ू में भी बर्फबारी हुई है। कुल्लू जिले में अटल टनल रोहतांग, लाहौल स्पीति के केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और किन्नौर के ऊंचे इलाकों में 6 इंच से ढाई फीट तक ताजा बर्फबारी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम विभाग ने तीन मार्च को लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, ऊना, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान निचले और मध्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश व ओलावृष्टि के साथ-साथ तूफान चलने की भी चेतावनी दी।

कई वाहन दबे, कुल्लू -चंबा में जनजीवन अस्तव्यस्त

चंबा/मनाली/लाहौल-स्पीति(निस) : कुल्लू, मनाली, चंबा और लाहौल में बारिश से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मनाली-लेह मार्ग पर नेहरुकुंड के समीप भारी मात्रा में हिमस्खलन हुआ। सड़क किनारे पार्क कर रखी चार गाड़ियां बर्फ में दब गई हैं। जानी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। वहीं, जिला कुल्लू में मूसलाधार बारिश होने से ब्यास नदी के साथ सरवरी खड्ड का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। छरूडू के पास भूस्खलन होने से कुल्लू-मनाली वामतट बंद हो गया है। मुंतर मणिकर्ण सड़क में जगह जगह भूस्खलन हुआ है। बर्फबारी और बारिश से जिला में कई सड़कों के साथ कई क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई ठप हो गई है। किन्नौर और कुल्लू में शनिवार को खराब मौसम के कारण स्कूल बंद रहे।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट IV-ए- अचल प्रापर्टियों की ई-नीलामी सार्वजनिक सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के रूल 8 (6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 केजी मार्ग, नयी दिल्ली-110001 फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

ब्रांच आफिस : एससीओ 218-219, प्रथम तल, सेक्टर-12, पार्ट-1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल-132001

सर्वसाधारण व विशेषत: कालम नं. ए में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कालम नं.-डी में वर्णित अचल प्रापर्टियां सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज्ड हैं, जिसका मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL) के अधिकृत अफसर/सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा (कालम नं.-सी में वर्णित) कन्स्ट्रक्टिव/फिजिकल कब्जा ले लिया गया है और इन्हें निम्न विवरणानुसार ''जैसे है जहां है'' ''जो भी है'' आधार पर बेचा जाएगा। अंततम संशोधित सिक्योरिटी इंट्रस्ट एनफोर्समेंट रूल्ज, 2002 के रूल 8(6) और 9 अधीन कालम-ए में वर्णित संबंधित कर्जदारों/मोर्टगेजरों (अब मृतक), जैसा भी मामला हो, के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (मालूम या नामालूम), एग्जीक्यूटर, प्रशासक, उत्तराधिकारियों, एसाइनियों को नोटिस जारी किया जाता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों, प्रतिबंध के लिए मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में सुरक्षित क्रेडिटर की व